**दिनांक 16.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद में पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति, नियमित जलापूर्ति तथा आ रही समस्याओं के समाधान किये जाने के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

---

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति, हर घर जल प्रमाणीकरण, नियमित जलापूर्ति तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध मे समीक्षा बैठक का आयोजन अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता मे दिनांक 16.05.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे से कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे-

1. श्री सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति), हमीरपुर।
2. श्री डी०एन० प्रसाद, अधि० अभि०, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर।
3. श्री शिवम कुमार, सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
4. श्री मानवेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
5. श्री आशीष बाजपाई, सहायक अभि०(इले०/मैके०), एसडब्लूएसएम, हमीरपुर।
6. श्री धीरेन्द्र मौर्या, अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
7. श्री अभिमन्यु तिवारी, डी०टी०एल०, सेन्सिस टेक लि० (टी०पी०आई०), हमीरपुर।
8. श्री मोहनीश शारदा, क्यू.ए./क्यू.सी., सेन्सिस टेक लि० (टी०पी०आई०), हमीरपुर।
9. श्री एस. मजूमदार, JWIL-SPML(JV), Hamirpur.
10. श्री शशांक JWIL-SPML(JV), Hamirpur.
11. श्री अशोक कुमार PNC-SPML(JV), Hamirpur.
12. श्री राकेश पारिख, डी०पी०एम०, PNC-SPML(JV), Hamirpur.
13. श्री अमित वर्मा, श्री हरि इन्फ्रा प्रा० लि०।
14. श्री शुभम सिंह, जय माँ लक्ष्मी कन्सट्रक्शन
15. श्री अभिषेक पाण्डेय, आई.टी.वर्ल्ड
16. श्री धीरेन्द्र सिंह, वी०के० कन्सट्रक्शन
17. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै० अवस्थी ट्यूबवेल
18. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै० नरेन्द्र कुमार गुप्ता आदि।

फर्म जे.डब्लू.आई.एल-एस.पी.एम.एल.(जेवी) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत 06 ग्रामों में हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये जाने का कार्य शेष है। सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना से आच्छादित ग्रामो मे पाइप लाइन लीकेज ठीक कराये जाने हेतु 30 टीमें लगाये जाने की आवश्यकता है, जिसके सापेक्ष फर्म मात्र 14 टीमे लगायी गयी है। पर्याप्त टीमें न होने के कारण कार्यदायी फर्मों द्वारा पाइप लाइन लीकेज की मरम्मत तथा नियमित जलापूर्ति के सम्बन्ध मे प्राप्त होने वाली शिकायतों ससमय निस्तारण नही हो पाने के कारण ग्रामीणो को परेशानी का सामना करना पडता है। पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना से आच्छादित वि०ख० सुमेरपुर ग्राम खण्डेहीजार, कलौलीजार, विकास खण्ड मौदहा ग्राम किसुनपुर, काछिन, लक्ष्मन का डेरा तथा मोहनपुरवा, बरसवा, रतौली, गुरदहा, इसौली, छिरका, भटुरी, भैरता, तिन्दुही व भभनी का डेरा-2, ग्राम रोहारी, घटकना, छिमौली, मकरॉव, विदोखर ग्राम माचा, परछा, छिरकाव, उरदना, खाक व पिपरौंधा में जलापूर्ति बहुत कम है। ग्राम बांकी, पारा रैपुरा व बिलाडी वि०ख० सुमेरपुर तथा ग्राम परेहटा, बिगहना, चकदहा, बिहरका, गेहबरा, छानी व पाटनपुर, वि०ख० मौदहा मे केवल आधे ग्राम मे ही जलापूर्ति की जा रही है। ग्राम भभनी का डेरा-2 मे लगभग 90 परिवारो को जलापूर्ति नही है। ग्राम फत्तेपुरवा, जिगनौडा में जलापूर्ति प्रतिदिन नही की जा रही है। ग्राम बक्छा में मेन लाइन लीकेज के कारण 100 प्रतिशत जलापूर्ति नहीं है। ग्राम छोटा लेवा तथा बडा लेवा में ऊँचाई वाले स्थानों पर पानी नही जा रहा है।



Scanned with OKEN Scanner

शिकायतों का निस्तारण ससमय न किये जाने पर असंतोष प्रकट किया गया तथा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया कि कार्ययोजना बनाकर तथा पर्याप्त टीमें लगाकर पाइप लाइन लीकेज तथा पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों का यथाशीघ्र निस्तारण कर अनुपालन आख्या अधि० अभि० जल निगम ग्रामीण को उपलब्ध कराई जाय। डी०टी०एल० टी०पी०आई०, हमीरपुर को निर्देशित किया गया कि कार्यदायी फर्म द्वारा लगायी गयी टीमों का सत्यापन कर आख्या 02 दिवस में उपलब्ध करायें। योजना से आच्छादित समस्त ग्रामों के प्रत्येक परिवार को निर्धारित रोस्टर के अनुसार शत प्रतिशत जलापूर्ति सुनिश्चित की जाय।

डी०टी०एल०, टी०पी०आई० द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना के ग्राम टीकुर में पानी नही आता है। ग्राम नहदौरा में 25 घरों मे जलापूर्ति नही हो रही है तथा ग्राम उजनेडी, बिहगाँव, अमगाव, इटौरा, कंथी, वदनपुरा में जलापूर्ति नही अथवा बहुत कम है। ग्राम मसगवा, महजौली, सैना, स्वावरी, कुम्हरिया में हरिजन आबादी व ऊचाई वाले क्षेत्र मे पानी नही पहुंच रहा है। ग्राम रावतपुरा में हरिजन बस्ती के लगभग 40 घरों में, ग्राम धगवां में लगभग 100 घरों मे, ग्राम जखेडी मे रहुनियां मुहाल, हलकुट्टा के मकान से बालादीन के मकान तक, अथाई से जमुनादास नाई के मकान तक तथा वीरपाल के मकान से चन्द्रप्रकाश गुप्ता के मकान तक पेयजल की सप्लाई नही है। ग्राम औंता में गछाई मोहल्ला, मझगवां मोहल्ला, हरिजन बस्ती मोहल्ला, गढ़ी मोहल्ला में जलापूर्ति नही है। ग्राम धनौरा में पूरे गॉव में पिछले कई दिनो से जलापूर्ति नही है। ग्राम गड़हर व जराखर मे जलापूर्ति नहीं है। इसी प्रकार वि०ख० मुस्करा के न्यूरिया, इर्मिलिया, कधाला, महरौली, चिल्ली, रूरीपारा, लोधीपुरा, रिवनी तथा वि०ख० सरीला के न्यूलों बसा, बरहरा, हरदुआ, पहरा, जरिया टीला, धौहल बुजुर्ग आदि ग्रामों मे शत-प्रतिशत परिवारो को जलापूर्ति नहीं की जा रही है। सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना से आच्छादित ग्रामो मे पाइप लाइन लीकेज ठीक कराये जाने हेतु 30 टीमे लगाये जाने की आवश्यकता है, जिसके सापेक्ष फर्म मात्र 15 टीमे लगायी गयी है। पर्याप्त टीमें न होने के कारण कार्यदायी फर्मो द्वारा पाइप लाइन लीकेज की मरम्मत तथा जलापूर्ति के सम्बन्ध मे शिकायतें प्राप्त हो रही है।

कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि विकास ग्राम तीहर, कथौली, चिल्ली, सैना, करगवां, उमनिया, पडरा, नदना सुकुलहरि, सिकरौधा, पहाडीगढी, कोठा, कुलेहडा, बरेल, बरदा, धनौरा, धनौरी, नवनी, गोहाइ, बरौली, टोलाराठ, बाबीपुरा, बरहरा, भैसाय, बसरिया, तुरना, रिगवारा कला, तुरना, बिगुनी आदि गावो मे पाइप लाइन लीकेज/चोक ठीक करा दिया गया है तथा शत-प्रतिशत परिवारो को जलापूर्ति की जा रही है। ग्राम इटौरा, कुर्रा, बरूआ धगवा औंता, परा, टिकरिया, सदपुर, ददरी, धमना, अकौना, छिन्नावीरा, चिल्ली, टोला खगारन, जराखर, कंथा, गलेहटा डांडा, सरसई आदि ग्रामो में पाइप लाइन लीकेज/चोक ठीक किये जाने का कार्य प्रगति पर है, 07 दिवस मे कार्य पूर्ण कराकर शेष मोहल्ले/परिवारों को जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमे लगाकर कमियो का निराकरण करायें तथा शत-प्रतिशत परिवारों को जलापूर्ति सुनिश्चित करें। डीटीएल, टीपीआइ को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों मे शत-प्रतिशत जलापूर्ति की जा रही है, 07 दिवस के अन्दर सत्यापन कर आख्या उपलब्ध करायें।

सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म श्री हरि इन्फ्रा प्रा०लि० द्वारा झलोखर, खरेंज, बांधुर बुजुर्ग, बिवार, धगवा व छिवौली मे, मे० नरेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा मुस्करा व पहाडी भिटारी में, मे० अवस्थी टयूबवेल द्वारा टोला खगारन, मझगवा, जराखर में, मे० अनिल कुमार शर्मा द्वारा गौहानी व सिजनौरी में, मे० बी०के० कन्स्ट्रक्शन द्वारा पतखुरा, जलालपुर, खेड़ा शिलाजीत, मनकहरी, बकरई, कुसमरा व इटेलिया बाजा मे तथा मे० जय माँ लक्ष्मी कन्स्ट्रक्शन देवगाव, सिसोलर, अरतरा, कुनेहटा व नरायच मे सभी परिवारो को जलापुर्ति नहीं की जा रही है, पर्याप्त टीमे लगाये जाने की आवश्यकता है।

कार्यदायी फर्मों को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त संख्या में टीमें लगाकर कमियों को दूर करायें व शत–प्रतिशत परिवारों को जलापूर्ति सुनिश्चित कराकर 07 दिवस के अन्दर आख्या अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण, हमीरपुर को उपलब्ध करायें।

**अधिशासी अभियंता/सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित कर लिया जाय की पेयजल की आपूर्ति प्रतिदिन व नियमित रूप से रोस्टर के अनुसार शत–प्रतिशत परिवारो को की जा रही है। ग्रीष्म ऋतु में पानी की अधिक समस्या वाले ग्रामों, विशेषतः ऊँचाई पर स्थित ग्राम/मुहल्लों में पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कर लिया जाय, जिससे ग्रीष्मऋतु मे पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। पेयजल की नियमित रूप से जॉच की जाय कि पेयजल की आपूर्ति मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण की जा रही है। डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, सेन्सिस टेक लि0(टी0पी0आई0) को निर्देशित किया कि प्रतिदिन 10 ग्रामों का निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध करायी जाय।**

अधिशासी अभियंता/सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर, टी0पी0आई0 तथा पी0एम0सी0 व्यक्तिगत रूचि लेते हुए व निरंतर पर्यवेक्षण करते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप करायें तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

**कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर**
*(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)*

पत्र संख्या-1004/न0गं0–पे0यो0–स0बै0(2025–26) दिनांक-27 मई, 2025

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1 प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ। (ई–मेल)
2 जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3 अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4 मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
5 मुख्य अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी। (ई–मेल द्वारा)
6 अधीक्षण अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा।
7 अधिशासी अभि0, जल निगम(ग्रामीण), हमीरपुर को इस निर्देश के साथ कि समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए 07 दिवस के अन्दर अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।
8 अधिशासी अभियंता वि0/यां0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट। (ई–मेल द्वारा)
9 डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0)/सुपरविजन इंजी0, पी0एम0सी0 हमीरपुर।
10 प्रोजेक्ट मैनेजर पी0एम0सी0/जनरल मैनेजर जे0डब्लू0आई0एल0 हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
11 पुर्नगठन योजना की समस्त कार्यदायी फर्मों को अनुपालनार्थ। (ई–मेल द्वारा)

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।



Scanned with OKEN Scanner